ऐलान : सीएम ने कहा-सिर्फ कॉफी टेबल बुक तक सीमित न रहे ओडीओपी

यूपी में हर जिले के उत्पादों की ग्रेडिंग होगी : योगी

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि हमें ओडीओपी उत्पादों की कॉफी टेबल बुक तक ही सीमित नहीं रहना है बल्कि हर जिले के उत्पादन का डाक टिकट भी जारी होना चाहिए। इसे लेकर प्रयास होने चाहिए क्योंकि यह हमें वैश्विक पहचान दिलाएगा। इतना ही नहीं, हर जिले के उत्पाद की ग्रेडिंग भी होनी चाहिए ताकि अच्छे उत्पादन की जानकारी की जा सके। उसे पैकेजिंग और टेक्नोलॉजी से जोड़कर विश्व फलक पर पहचान दिलाएंगे। उत्तर प्रदेश ही ओडीओपी, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना और प्लेज पार्क योजना देने वाला पहला राज्य है।

ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोकभवन सभागार में आयोजित एमएसएमई के 51 हजार करोड़ रुपये के मेगा ऋण वितरण समारोह में कही। इस दौरान सीएम ने प्लेज योजना के तहत मथुरा, अमरोहा, सीतापुर और मेरठ के प्लेज पार्कों के निर्माण की पहली किस्त वितरित की। सहारनपुर, मुरादाबाद और संभल में ओडीओपी के तीन कॉमन फैसिलिटी सेंटर का लोकार्पण किया। कौशाम्बी की सीएफसी टीम को स्वीकृति पत्र सौंपा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लखनऊ के लोकभवन में एमएसएमई के मेगा ऋण वितरण समारोह में उद्यमियों को ऋण बांटा। ● हिन्दुस्तान

वोकल फॉर लोकल अभियान में प्रदेश आगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था बेहतर होने से बहन-बेटी, व्यापारी और निवेशक खुद को सुरक्षित महसूस कर रहा है। इसीलिए प्रदेश देश में निवेश के सबसे अच्छे गंतव्य के रूप में उभरा है। सरकार की वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडेक्ट योजना ने परंपरागत उद्यमियों को नई दिशा दी है। उत्तर प्रदेश केंद्र सरकार के वोकल फॉर लोकल अभियान पर मुहर लगाने वाला पहला राज्य है।

'मंदिर बनने से दबी-कुचली सभ्यता को नवजीवन'

जोधपुर/लखनऊ हिटी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर के निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है। 500 वर्षों के अंतराल के बाद इसी वर्ष 22 जनवरी को प्रभु राम अपने भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। यही नहीं, राम मंदिर के बन जाने से दुनिया में हर दबी, कुचली और शोषित सभ्यता को एक नया जीवन मिला है।

सीएम योगी ने बुधवार को श्रीश्री-1008 श्री ब्रह्मलीन आयसजी श्री योगी कैलाशनाथ महाराज के भण्डारा महोत्सव को जोधपुर में संबोधित किया। ➤ स्वरूप विराट P10

अयोध्या एयरपोर्ट की सुरक्षा एसएसएफ को

लखनऊ। अयोध्या के एयरपोर्ट समेत प्रदेश के 12 एयरपोर्ट की सुरक्षा जल्द ही उत्तर प्रदेश पुलिस विशेष सुरक्षा बल को सौंप दी जाएगी। प्रदेश के 10 एयरपोर्ट की सुरक्षा यह बल पहले से संभाल रहा है। एडीजी एलवी एंटनी देव कुमार ने जवानों को सुरक्षा संबंधित 'एवसेक कोर्स' के लिए निर्देशित किया।